| | |
|---|---|
| **एम.ए. शिक्षा** | **कार्यक्रम कोड : एमएईडी** |
| **M. A. Education** | **Programme Code : MAED** |

## उद्दे�य (Objectives) :

- एम.ए. शिक्षा पाठ्यक्रम का उद्देश्य सरल एवं सुबोधगम्य भाषा में विद्यार्थी को शिक्षा सम्बन्धित विभिन्न पक्षों की जानकारी देना है ताकि विद्यार्थी शिक्षा जगत में होने वाले नवीन परिवर्तनों से भली भाँति परिचित हो सके।
- रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से रोजगार अवसरों का सृजन करना।
- दूरस्थ शिक्षा के उद्देश्यों के अनुरूप गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री के साथ साथ बहु माध्यमों का उपयोग एवम् शिक्षा से वंचित किन्तु इच्छुक विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराना।
- विद्यार्थियों को एम.एड. के समकक्ष सामग्री के द्वारा इन्हें व्यावसायिक क्षेत्र में अवसर प्राप्त करने के योग्य बनाना।

## प्रवेश योग्यता (Admission Eligibility) :

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला / विज्ञान / वाणिज्य / कृषि में स्नातक उपाधि।

| | | |
|---|---|---|
| **अवधि (Duration)** | : | न्यूनतम 2 वर्ष ; अधिकतम 6 वर्ष। |
| **माध्यम (Medium)** | : | पाठ्य सामग्री केवल हिन्दी में उपलब्ध |
| **श्रेयांक (Credit)** | : | 72 |
| | | एम.ए. (पूर्वार्द्ध) 32 श्रेयांक<br>एम. ए. (उत्तरार्द्ध) 40 श्रेयांक |
| **शुल्क (Fee)** | : | एम. ए. (पूर्वार्द्ध) रू. 12000 / – |
| | : | एम. ए. (उत्तरार्द्ध) रू. 12000 / – |

## कार्यक्रम संरचना (Programme Structure) :

एम.ए. शिक्षा में पूर्वार्द्ध में कुल चार पाठ्यक्रम होंगे। जो सभी के लिए अनिवार्य होंगे। उत्तरार्द्ध में कुल पाँच पाठ्यक्रम होंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम 8 क्रेडिट का होगा। विद्यार्थियों के पाठ्य सामग्री हिन्दी में उपलब्ध कराई जायेगी। एम. ए. उत्तरार्द्ध समूह (पाठ्यक्रम – *5*) में दो प्रश्न पत्र *MAED-05* एवं *MAED-06* में से एक प्रश्न पत्र का चयन करें। उत्तरार्द्ध में पाठ्यक्रम के *6, 7* एवं *8* के लिए *MAED*-07 से *MAED*-15 तक कुल 8 पाठ्यक्रम दिये गये है उनमें से छात्र को किन्ही तीन पाठयक्रमों का चयन करना होगा। पाठ्यक्रम समूह (पाठ्यक्रम *-9*) में दो पाठ्यक्रम *MAED-17* एवं *MAED- 18* में से केवल एक पाठ्यक्रम का चयन करें।

पाठ्यक्रम समूह (*MAED-18*) 'लघुशोध प्रबन्ध' का है। जो भी विद्यार्थी लघुशोध प्रबन्ध लेना चाहते हैं उनके लिए एम. ए. पूर्वार्द्ध में 55 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है, तभी उन्हें शोध कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। अन्य विद्यार्थियों को लघुशोध प्रबन्ध के स्थान पर शिक्षक शिक्षा *MAED-17* का पाठ्यक्रम लेना होगा।

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध) शिक्षा

| क्र.सं. (S.No.) | पाठ्यक्रम का नाम (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) | श्रेयांक (Credit) |
|---|---|---|---|
| *1.* | शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधार *(Philosophical & Sociological Bases of Education)* | एमएईडी–01 | *8* |
| *2.* | शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार *(Psychological Bases of Education)* | एमएईडी –02 | *8* |
| *3.* | शिक्षा की अनुसंधान पद्धतियां *(Research Methods in Education)* | एमएईडी –03 | *8* |
| *4.* | शैक्षिक तकनीकी *(Education Technology)* | एमएईडी –04 | *8* |

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध) िशक्षा

| क्र.सं. S.No. | पाठ्यक्रम का नाम (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम निम्नांकित पाठ्यक्रम समूह 5 में से किसी एक पाठ्यक्रम का चयन करें।** | | |
| *1.* | कम्प्यूटर शिक्षा *(Computer Education)* | *MAED-05* |
| | *or/*अथवा | |
| *2.* | दूरस्थ शिक्षा *(Distance Education)* | *MAED-06* |
| **पाठ्यक्रम समूह 6, 7 एवं 8 के लिए नीचे दिये गये MAED-07 से MAED-15 तक के प्रश्न पत्रों में से किन्ही तीन का चयन करें।** | | |
| *3.* | तुलनात्मक शिक्षा *(Comparative Education)* | *MAED-07* |
| *4.* | मापन एवं मूल्यांकन *(Measurement and Evaluation)* | *MAED-08* |
| *5.* | शैक्षिक प्रबंधन *(Educational Management)* | *MAED-9* |
| *6.* | निर्देशन एवं परामर्श *(Guidance and Counselling)* | *MAED-10* |
| *7.* | पाठ्यक्रम विकास *(Curriculum Development)* | *MAED-11* |
| *8.* | महिला शिक्षा *(Women Education)* | *MAED-12* |
| *9.* | प्राथमिक शिक्षा *(Elementary Education)* | *MAED-14* |
| *10.* | माध्यमिक शिक्षा *(Secondary Education)* | *MAED-15* |
| पाठ्यक्रम समूह 9 निम्नांकित पाठ्यक्रम समूह में से किसी एक पाठ्यक्रम का चयन करें। | | |
| *11.* | शिक्षक शिक्षा *(Teacher Education)* | *MAED-17* |
| *12.* | लघुशोध प्रबन्ध *(Dissertation)* **नोटः एम.ए. पूर्वार्द्ध में 55 प्रतिशत अंक लाने पर देय होगा।** | *MAED-18* |

## परीक्षा पद्धति (Examination Pattern) :

**सत्रीय गृहकार्यः** प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) में सत्रीय गृहकार्य 20 अंकों का होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम में दो सत्रीय गृहकार्य करने होंगे। सत्रीय गृहकार्य पूर्ण करके सत्रांत परीक्षा से पूर्व संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा करवाना होगा।

**सत्रांत (मुख्य) परीक्षाः** एम.ए. पूर्वार्द्ध एवं उतरार्द्ध न्यूनतम अवधि अर्थात् 1 वर्ष के बाद विद्यार्थी की प्रत्येक पाठ्यक्रम की तीन घंटे की लिखित परीक्षा होगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम (कम्प्यूटर शिक्षा एम.ए.ई.डी. –05 एवं शोध प्रबन्ध एम.ए.ई.डी. –18 को छोड़कर) की सत्रांत परीक्षा के लिए अधिकतम 80 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम के दोनों भागों अर्थात सत्रांत परीक्षा एवं सत्रीय गृहकार्य में उत्तीर्ण होने के लिए दोनों में मिलाकर उत्तीर्णांक 36 प्रतिशत हैं। परन्तु किसी एक भाग सत्रीय गृहकार्य अथवा सत्रांत परीक्षा में न्यूनतम 25 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। यदि विद्यार्थी कुछ पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण नहीं कर पाया है तो उन पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण करने के लिए छः माह बाद होने वाली आगामी परीक्षा में पुनः बैठ सकता है। किसी एक परीक्षा में नए एवं पुराने अनुत्तीर्ण रहे पाठ्यक्रमों को मिलाकर अधिकतम 56 क्रेडिट के पाठ्यक्रमों की परीक्षा दे सकता है।

**सम्पर्क शिविर** एम.ए. शिक्षा में प्रत्येक वर्ष दिनांक 15 मई से 31 जून के मध्य 15 दिन का सम्पर्क शिविर लगेगा जो सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है इसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं होने पर छात्र मुख्य परीक्षा में नहीं बैठ पायेंगे।

कम्प्यूटर शिक्षा पाठ्यक्रम (एम.ए.ई.डी.–05) में कोई सत्रीय गृहकार्य नहीं दिया जायेगा। इस पाठ्यक्रम की सत्रांत सैद्धान्तिक परीक्षा 50 अंकों की एवं प्रायोगिक परीक्षा 50 अंकों की होगी तथा दोनों में अलग–अलग पास होना अनिवार्य है।

लघुशोध प्रबन्ध (एम.ए.ई.डी. – 18) भी 100 अंकों का होगा। इसमें भी कोई सत्रीय कार्य नहीं होगा। शोध का विषय पूर्वार्द्ध के परीक्षा परीणाम के बाद जिन छात्रों के 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है, केवल उन्हें ही लघुशोध प्रबन्ध चयन करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। इसके लिए सभी छात्रों को अपने अध्ययन केन्द्र के प्राचार्य से निरन्तर सम्पर्क में रहना होगा क्योंकि उनके द्वारा ही उन्हें शोध पर्यवेक्षक आवंटित किया जायेगा। पर्यवेक्षक के द्वारा छात्रों को शोध का विषय दिया जायेगा उसे कैसे करना है, उसकी विवरणिका भी दे दी जायेगी।

अंक तालिका में सत्रीय गृहकार्य एवं सत्रांत परीक्षा के अंकों को अलग–अलग दर्शाया जायेगा। सफल विद्यार्थियों को निम्न तालिका के अनुसार श्रेणी प्रदान की जाएगी–

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम श्रेणी | – | 60% एवं अधिक |
| द्वितीय श्रेणी | – | 48% एवं 60% से कम |
| उत्तीर्ण | – | 36% या अधिक एवं 48% से कम |

एम.ए. पूर्वार्द्ध में कोई श्रेणी नहीं दी जायेगी।